




# माली सैनी सन्देश

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता

• वर्ष : 8 • अंक 93 • 22 मार्च, 2013 • मूल्य : 150/- वार्षिक


राजस्थान में रिफाईनरी की स्थापना

## जादूगर का मैगा जादू

## समाज के सभी वर्गों को बांटी राहत






बुरा न मानो होली है



माली समाज युवा मण्डल, हैदराबाद के तत्वावधान में राजस्थान के पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत  के नगर आगमन पर होटल तारा इण्टरनेशनल में आयोजित 'अभिनन्दन समारोह' में माली समाज युवा मण्डल के अध्यक्ष श्री लहरचंद सोलंकी एवं राजस्थान सैनिक क्षत्रिय माली संघ के अध्यक्ष श्री रामपाल देवड़ा एवं समाज बंधु।



मेहसाणा ( गुजरात ) में माली सैनी समाज द्वारा आयोजित भव्य सामुहिक विवाह की झलकियां

NO.RAJHIN12897/20/1/2004-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ●अंक 93 ● 25 मार्च, 2013 ●मूल्य : 150/- वार्षिक


सम्पादक मण्डल

संरक्षक :



श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा
( अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन )
( अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति )

सह संरक्षक:



श्री ब्रह्मसिंह चौहान
( पूर्व पार्षद )

प्रेस फोटोग्राफर

जगदीश देवड़ा
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

मार्केटिंग इंचार्ज

रामेश्वर गहलोत
(मो. 94146 02415)

कम्प्यूटर

इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

आवरण कथा

### माली सैनी समाज के सामुहिक विवाह आयोजनों में 98 जोड़ें बनें हमसफर




श्री अशोक गहलोत ने बजट में सभी वर्गों को दी राहत, बजट सामाजिक सारोकर की पूर्ति
सूर्यनगरी की बेटी द्रोणिका बिग बैंग प्रयोग ब्रह्मांड की खोज में भाग लेगी
अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात
पुष्कर में छात्रावास एवं वृद्धाश्रम के लिए मांगी निःशुल्क जमीन
सामुहिक विवाह की झलकियां
शिवरात्री के अवसर पर जमा भक्ति का रंग
दुबई में कार्यक्रम देकर जोधपुर पहुंचे लोक कलाकार गहलोत
साहब सिंह सैनी को लाल बत्ती मिलने से समर्थक खुश
चौखला की महापंचायत सराय व मंदिर निर्माण एवं सामाजिक विकास पर सभी की सहमति
समाज के लोगों को राजनैतिक भागीदारी बढ़ानी होगी- श्री इंद्रराज सिंह सैनी
डॉ. हुकम सिंह गहलोत
पलासनी में प्रथम रक्तदान शिविर में युवाओं में जबरदस्त उत्साह
11 अप्रेल को महात्मा फुले प्रतिभा सम्मान समारोह
प्रसिद्ध समाजसेवी एवं प्रधानाध्यापक श्री लक्ष्मी नारायण गहलोत सेवानिवृत
पूर्ण सम्मान के साथ विदाई व सम्मान आयोजित

# सम्पादक की कलम से ...



# माता-पिता का सहारा बन जीवन........

हमारे माता-पिता ने हमें जीवन दिया, पढ़ाया लिखाया, पैरों पर खड़ा रहने लायक बनाकर हमारे चेहरे पर हर समय मुस्कराहट हो, इसका हर प्रयास किया। हमें जिंदगी में बेहतर सुख-सुविधा देने के लिए अपना सब कुछ हम पर न्यौछावर किया। उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत हमारी तब होती हैं जब वे बुढ़े हो जाते हैं, लेकिन हम उनके बुढ़ापे की लकड़ी बनने में असहाय साबित होते है। हम भूल जाते है कि उनहोंने किस तरह सेहमें बड़ा किया है। वे हमसे आशा करते है कि हम उनका सम्मान करें। लेकिन आज यह तस्वीर बदलती नजर आ रही है। पहले से चली आ रही संयुक्त परिवारों की परम्परा अब टूट रही है। परिवारों के घटते आकार तथा पति-पत्नी दोनों का कमाऊ होना। जिसके कारण उनके पास अपने वृद्धजनों के लिए न तो समय है और न स्थान और साथ रखने की भावना।

हम सब अपना बचपन भूल गये है जब हमारे माता-पिता हमारी सारी गलतियों को माफ कर हमारी सारी मांगों को पूरा करते थे। आज जब उन्हें सबसे ज्यादा जरूरत अपने बच्चों की है तब वही बच्चे उन्हें नजरअंदाज कर देते हैं। उनके साथ समय व्यतीत करने में असमर्थता दिखाते है। फिर भी वे लोगों के सामने यह कहकर टाल देते हैं कि बच्चे बहुत व्यस्त हैं और उनके पास बहुत से महत्वपूर्ण काम हैं। जीवन में कफछ्ाीी महत्वपूर्ण नहीं है। यही समय है जब हम उनके उपकारों के बदले उनके लिए कुछ कर सकते है। हमारे माता पिता का प्यार बिना किसी शर्त के होता है और उनका त्याग असीम है। हमारे जन्म लेने से बड़े होने तक माता-पिता हमें अच्छे से रखते हैं, अच्छा खिलाते-पिलाते हैं, अच्छा रहन-सहन देते हैं। वे हमें इस तरह से पालते-पोसते हैं कि हमें अपना बचपन जिन्दगी का सबसे सुनहरा समय लगता है। अब हमारे पास समय तब भी हम अपने माता-पिता के लिए कुछ करके एक जिम्मेदार इंसान के रूप में अपनी योग्यता सिद्ध कर सकते हैं।

वृद्धावस्था से कोई भी बच नहीं सकता है। हम सभी वृद्ध होंगे और हमें इसके परिणामस्वरूप होने वाले शारीरिक परिवर्तनों के लिए तैयार रहना चाहिए, लेकिन वृद्धावस्था की मनोवैज्ञानिक समस्याएं बहुत परेशान करती है। सबसे ज्यादा अकेलापन बुरा लगता है इस अवस्था का अकेलापन, अलगाव की भावना और जिंदगी में कोई नई रूचि का न रहना। वृद्धावस्था की समस्याओं को दूर करने के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए ताकि हमारे बुजुर्ग एक स्वस्थ और सुखपूर्ण वृद्धावस्था का आनंद ले सके तथा अपना आशीर्वाद हमें देते रहें।

बुजुर्गों के साथ निरंतर बातचीत और उनकी देखभाल, उन्हें खुश रखने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्हें यह अहसास होता है कि घर को उनकी आवश्यकता है। हमारे माता-पिता हमारे आने और हमें एक नजर देखने की बाट जोहते हैं और हमारेद्वारा उनका स्वास्थ्य का हाल-चाल पूछने पर वे यह अनुभव करते हैं कि हमें चलना सिखाया है और अब हमें उनके जीवन के अंतिम पड़ाव में उनका सहारा बनकर उनके जीवन को सफल बनानें का हर संभव प्रयास करना है। वर्ना हमारे अपने बच्चें जो कि हमारी इन हरकतों को देख रहे है। भविष्य में जब हम वृद्धावस्था में होंगे तथा हमें भी हमारे माता-पिता की तरह अपन बच्चों से मान-सम्मान और देखभाल की जरूरत होगी तो हमें भी वही तिरस्कार और एकाकी जीवन जीना पड़ेगा जो जीवन आज हम हमारे माता-पिता को दे रहे हैं। अभी भी समय है हमें अपने कर्मो से अपने जीवन के साथ अपने बच्चों को भी सद्गुणों की सीख देनी है तो हमें अपने माता पिता को अविलम्ब मान-सम्मान और उनके जीवन के अंतिम पड़ाव में उनका सहारा बनकर उनके जीवन को सफल बनाना होगा।

**जय माली सैनी समाज**



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

## राहत के रंग सभी वर्गो के संग

# श्री अशोक गहलोत ने बजट में सभी वर्गो को दी राहत, बजट सामाजिक सारोकर की पूर्ति

इस वर्ष के बजट में श्री अशोक गहलोत ने सभी वर्गो का खयाल रखा है। बजट में ऐसा कोई वर्ग अथवा क्षेत्र नहीं छोड़ा, जिसको कुछ नहीं मिला हो। अपने बजट में श्री अशोक गहलोत ने बीपीएल एवं अंत्योदय परिवारों को एक रूपये प्रति किलो की दर से गेहूं के साथ ही महिलाओं को दो-दो साड़ियां, पुरूषों को एक-एक कम्बल देने के अलावा बीपीएल परिवार को 10 रूपये किलो चीनी और एपीएल परिवार को पांच रूपये किलो राशन का आटा देने का ऐलान किया।

श्री अशोक गहलोत ने अपने अंतिम बजट में सामाजिक सारोकार की पूर्ति में महिलाओं, युवाओं व वृद्धजनों को अनेकानेक राहतें बांटी है। सड़क निर्माण को बढ़ावा देने के साथ साथ बिजली उत्पादन बढ़ाने व सिंचाई तथा पेयजल योजनाओं का दायरा बढ़ानें के प्रयासों की घोषणाएं स्वागत योग्य है। शहरों व जिलों से लेकर गावों के विकास की राह भी दिखाई। बैशक सड़क, बिजली, सिंचाई व पेयजल की योजनाएं राज्य के लिए काफी आवश्यक है और इनका विस्तार भी जरूरी भी है।

**अब 600 दवाईयों मिलेगी मुफ्त**

15 अगस्त, 2013 से सभी चिकित्सालयों में नि:शुल्क जांच
बीपीएल को 1 रू किलो गेहूं
राशन की चीनी 10 रूपये किलो
महिलाओं को 2-2 साड़ियां
पुरूषों को 1-1 कम्बल
बीपीएल आवास योजना में सहायता राशि 50 हजार से बढ़ाकर 70 हजार रू.।

**युवाओं के लिए डेढ़ लाख नौकरियां**

91 हजार शिक्षा और 28 हजार चिकात्सा

**आमजन**

5 रू. किलो आटा

**अंतरजातीय विवाह पर 5 लाख रूपये**

**कर्मचारियों को छठा वेतनमान**

बुजुर्गो को मुफ्त तीर्थ यात्रा

**स्टूडेंट्स**

3 कृषि एवं टेक्निकल यूनिवर्सिटी खुलेगी।
16 जिलों में मेडिकल कॉलेज
1000 नए प्राथमिक स्कूल
1000 उच्च माध्यमिक विद्यालय

**जयपुर**

सीकर को यूआईटी, मेडिकल कॉलेज
अलवर में 192 करोड़ की सड़के
झुंझुनूं में 995 करोड़ की पेयजल योजना

**कोटा**

कृषि विश्वविद्यालय
एनडीपीसी कोर्ट
बांरा, बूंदी में मेडिकल कॉलेज

**अजमेर**

विकास प्राधिकरण
भीलवाड़ा व ब्यावर में मेडिकल कॉलेज
मकराना में नगर परिषद

**उदयपुर**


नगर निगम की घोषणा
425 करोड़ की पेयजल योजना

**बीकानेर**

तकनीकी विश्वविद्यालय
फूड पार्क

**भरतपुर**

सवाई माधोपुर को यू. आई. टी.
भरतपुर व धौलपुर में कृषि महाविद्यालय
721 करोड़ की चंबल परियोजना 660 गावों के लिए



## जोधपुर को सौगातें

- संभाग में 12 नए उपखण्ड
- नये औद्योगिक क्षेत्र (कांकाणी, बोरानाड़ा, बालेसर, रोहट) व चार थाने (राजीव गांधी नगर, करवड़, बाप)
- नया कृषि विश्वविद्यालय
- पाली बाड़मेर में नगर सुधार न्यास
- 10 करोड़ की लागत से साइंस सिटी
- कृषि विश्वविद्यालय
- सोलर सिटी
- 111 करोड़ का फ्लाई ओवर
- 770 करोड़ सड़क निर्माण
- कायलाना में बायोडायवर्सिटी पार्क
- 30 करोड़ का इंटरस्टेट बस स्टैण्ड
- पाली व बाड़मेर में यू.आई. टी.

# सूर्यनगरी की बेटी द्रोणिका बिग बैंग प्रयोग ब्रह्मांड की खोज में भाग लेगी



जोधपुर। सूर्यनगरी की बेटी श्रीमती द्रोणिका सोलंकी न्यूयार्क मे ंचल रहे ब्रह्माण्ड की उत्पति की खोज से संबंधित बिग बैंग प्रयोग में भाग लेगी। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर के भौतिक विज्ञान की शोधार्थी द्रोणिका न्यूयार्क में ब्रुकहेवन राष्ट्रीय प्रयोगशाला में चल रहे स्टोर एक्सपेरिमेंट पर काम करेगी। यह प्रयोग ब्रह्माण्ड की उत्पति से संबधित क्वार्क ग्लुऑन प्लाज्मा को खोजने का कार्य कर रहा है। द्रोणिका इस प्रयोग में उपयोग हो रहे सॉफ्टवेयर के कंट्रोल, हार्डवेयर की देखरेख व उसके संचालन देखने हेतु उच्च स्तरीय वैज्ञानिक दल का हिस्सा होगी। द्रोणिका इस हेतु 16 मार्च, 2013 को न्यूयार्क रवाना होगी।

आबकारी विभाग में कार्यरत श्री राजेन्द्र सोलंकी की पुत्री द्रोणिका ने बताया कि वो प्रयोग में उपयोग हो रहे सॉफ्टवेयर के कंट्रोल हार्डवेयर की देखरेख व संचालन का कार्य करेगी। यह तीसरा अवसर है जब उसे बिग बैंग में शामिल होने के लिए चुना गया है। इससे पूर्व द्रौणिका ने बीस शोधपत्र अन्तराष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशित हो चुके है।


माली सैनी संदेश परिवार द्रोणिक को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए। इस प्रयोग में सफलता तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता है।

# अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात पुष्कर में छात्रावास एवं वृद्धाश्रम के लिए मांगी नि:शुल्क जमीन

पुष्कर(अजमेर)। अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा के नेतृत्व में संस्थान के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधि मण्डल मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत से जयपुर में मिला। प्रतिनिधिमण्डल ने पुष्कर स्थित गनाहेड़ा ग्राम पंचायत में संस्था को पन्द्रह बीघा भूमि नि:शुल्क देने का ज्ञापन सौंपा। संस्थान के अध्यक्ष ने उक्त भूमि पर छात्रावास, शोध संस्थान एवं वृद्धाश्रम इत्यादि बनाने की भावी योजना के बारे में श्री अशोक गहलोत को जानकारी दी।

प्रतिनिधि मण्डल ने उक्त जमीन को नि:शुल्क देने की मांग की। संस्था की ओर से उपलब्ध जमीन के संबधित दस्तावेज एवं पंचायत से प्राप्त एन.ओ.सी. की भी जानकारी श्री अशोक गहलोत को दी।

मुख्यमंत्री ने अपने ओ.एस.डी. को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश देते अजमेर जिला कलेक्टर को विस्तार से भूमि की रिपोर्ट भेजने को कहा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बहुत बहुत आभार प्रकट किया जिन्होंने संस्था के निर्विरोध चुनाव संपन्न करवाने में सहयोग किया तथा वरिष्ठ समाजसेवी श्री ऊँकारराम कच्छवाहा को अध्यक्ष चुना।



श्री अशोक गहलोत ने कहा कि समाज को ऐसे समाजसेवियों की कमी है जो निस्वार्थ भाव से समाजसेवा कर समाज के सभी वर्गो में वर्षो से अपनी छवि बनाए है श्री ऊँकारराम कच्छवाहा भी ऐसे समाजसेवी है जो कि समाज के सभी वर्गो में अपनी विशिष्ट पहचान रखते है तथा साथ ही समाज हितार्थ कार्यो में हर समय तैयार रहते है।

प्रतिनिधि मण्डल में पूर्व अध्यक्ष श्री सेवाराम दगदी, श्री ताराचंद गहलोत, श्री भंवरलाल मालाकार, श्री बाबूलाल दगदी, श्री कैलाश चौहान, श्री रूपचंद मारोठिया, श्री मांगीलाल भाटी, श्री भागचंद पंवार, श्री कान्हाराम सांखला, श्री माणकराम भाटी, श्री भरतकुमार माली, श्री ओमप्रकाश सांखला, श्री छगन गहलोत एवं श्री विमलेश गहलोत सहित अनेकों समाज सेवियों एवं सदस्यों ने भाग लिया।

### समाज में सामुहिक विवाहों की धूम

# माली सैनी समाज के सामुहिक विवाह आयोजनों में 98 जोड़ें बनें हमसफर

## बस्सी के प्रथम आयोजन में ऐतिहासिक सामाजिक एकता

## 5100 महिलाओं की कलश यात्रा एवं समाज 50,000 हजार लोगों का मेला



बस्सी जयपुर। माली समाज विकास संस्थान बस्सी के तत्वावधान में पांच माह से चर्चा के बाद प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन फुलेरा दूज 13 मार्च 2013 कों सम्पन्न हुआ। संस्थान द्वारा समाज में व्याप्त कुरूतियों ओर बाल विवाह जैसी प्रथाओ पर पाबन्दी लगानें के उद्देश्य से प्रथम सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें फिजूल खर्च ओर एक ही स्थान पर कई वर वधुओ को बन्धन में बाधनें ओर सामाजिक एकता को बढ़वा दिया गया। फूलेरा दूज पर 51 जोडो के विवाह के साथ पूर्ण हुआ।

समारोह के एक दिन पूर्व मंगल कला यात्रा का आयोजन किया गया। मंगल कलश यात्रा बस्सी कस्बे के शिवम गार्डन से शुरू होकर बस्सी के हृदृय स्थल बीदाजी मन्दिर होती होती हुई गौर बाजार, न्यू मार्केट, सुनार मोहल्ला, कल्याणगंज होती कार्यक्रम स्थल महात्मा गांधी स्टेडियम बिराजपुरा पर पहुँची। मंगल कला यात्रा के दौरान करीब बस्सी, चाकसू, आमेर, दौसा, लालसोट तहसील की करीब 5,100 महिलाओ ने भाग लेकर बस्सी कस्बे के बाजार के लोगो के ये दिखा दिया की माली समाज की महिलाओ मे भी एकता की कमी नही है। यह मंगल कलश यात्रा शायद ही बस्सी पूर्व में निकाली गई हों। मंगल कला यात्रा का बस्सी कस्बें के वासियो ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रताओ में काफी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर वधु पक्षो के द्वारा भात कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें जिला अलवर से पधारें कलर्स टीवी एंकर जुम्मे खॉं ने अपनी प्रस्तुतियो से श्रौताओ का मन मोह लिया। खॉं ने बेटी बचाओ और भ्रुण हत्या पर जोर देते हुए समाज को चेतावनी प्रस्तुतिया दी। फुलेरा दूज को सुबह से ही समाज के लोगो को आगमन का दौर चलता रहा है। बस्सी कस्बे के प्रसिद्व बंशीधर मन्दिर से श्री ठाकुर जी बग्गी में सवार होकर शाही लवाजमें तुलसी विवाह हेतु कार्यक्रम स्थल पर पहुचे। ठाकुर जी की बारात में पुरा बस्सी कस्बा सर्वसमाज के साथ कार्यक्रम में उमड पडा। बारात गाजे बाजे के साथ बस्सी कस्बे के मुख्य मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुँची। ठाकुरजी बारात पहुचने के उपरान्त विश्वकर्मा मन्दिर पर आगुणी कार्यक्रम का आयोजन किया गया किया। तत्पचात् तोरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें सभी वर एक कतार में खडे होकर एक साथ तोरण कार्यक्रम की परम्परा निभाई गई साथ ही वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें समस्त समाज ने वर वधुओ को आशीर्वाद दिया। दोपहर को वर वधुओं के पाणिग्रहण संस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान नें सफल आयोजन के

लिए अलग से कमेठी का गठन किया गया था। वही दूसरी ओर तुलसी विवाह का कन्यादान बाबू लाल सैनी नें संस्थान की बौली छुडाकर किया। पाणिग्रहण संस्कार समारोह करीब 50 हजार समाज के लोगो के समक्ष आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में आस पास के गांवों के समाज बंधुओं ने व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारी को बखुबी निभाए। संभवत यह पहला अवसर है जिसमें समाज की और से आयोजित सामुहिक विवाह कार्यक्रम में इतने संख्या में समाज बंधुओं भाग लेकर कार्यक्रम की शौभा बढाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अलग अलग कमेठियों का विस्तार कर कार्यक्रम का सफल आयोजन किया जिसके लिए संस्थान के सभी पदाधिकारियों की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। समाज के विभिन्न अंचलों से आए समाजसेवियों को भी इस आयोजन से सोचने को मजबूर कर दिया की अगर हम सभी को साथ लेकर चले तो कोई भी कार्य किया जा सकता है।

इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष श्री मांगी लाल पवार, संस्थान अध्यक्ष श्री शंकर लाल सैनी, बस्सी विधायक श्री अन्जू खन्नावाल, चौमू विद्यायक श्री भगवान सहाय सैनी, सार्वजनिक निर्माण एंव तकनीकि शिक्षा राज्यमंत्री श्री मुरारी लाल मीणा, राजस्थान उच्च न्यायलय के महाधिवक्ता श्री इन्द्रजीत सैनी सहित अनेक समाज और जनप्रतिनिधियो नें कार्यक्रम में उपस्थित होकर वर वधुओ को आशीर्वाद दिया।

**माली सैनी समाज के अन्य सभी संस्थाओं एवं आयोजन समिति के पदाधिकारियों के लिए यह आयोजन एक प्रेरणा है जिसमें समाज के सभी वर्गो को साथ में ले कर इस समारोह से समाज ही नहीं पूरे प्रदेश में माली सैनी समाज की एकता मशाल पेश की है।**

## मकराना में 27 जोड़ों का सामुहिक विवाह

मकराना, 13 मार्च, 2013। छः गांव माली सैनी समाज का 15 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन बुधवार को फुलरिया दूज के अवसर पर इन्दौरा कृषि फार्म में भामाशाह सेठ श्री शिवकरण इन्दौरा के मुख्य अतिथि में समारोह पूर्वक सम्पन्न हुआ। सेठ श्री शिवकरण इन्दौरा द्वारा समारोह मे भोजन एवं पानी की व्यवस्था की गई। सम्मेलन में 27 जोड़ों का विवाह हुआ। कन्यादान के रूप में 4.25 लाख रूपये प्राप्त हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालवा निवासी श्री हिरालाल बागड़ी ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, चौमू विधायक श्री भगवान सहाय सैनी, अखिल भारतीय माली सैनी समाज पुष्कर अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छावाहा, उपाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश सांखला, मुख्य संरक्षक श्री सेवा राम दगदी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अचल सिंह भाटी, महात्मा ज्योतीबा फूले समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोती लाल सांखला, भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के श्री शिवकरण सैनी, जोधपुर माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार, छः गांव सैनी समाज की महिला अध्यक्ष श्रीमती गीता सोलंकी एवं अनेक जन प्रतिनिधि एवं समाज सेवी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के शुभारम्भ से पूर्व समारोह के मुख्य अतिथि सेठ श्रज्ञी शिवकरण इन्दौरा एवं अध्यक्ष को शाही अन्दाज में गाजे बाजे के साथ पुष्प वर्षा करते हुए समारोह स्थल तक लाया गया। वैवाहिक कार्यक्रमों की शुरूआत प्रातः आठ बजे से शुरू हुए । कार्यक्रम में सभी 27 दुल्हों की बिन्दोली निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्गो से होते हुए विवाह स्थल पहुंची। तत्पश्चात दूल्हों ने सामुहिक रूप से तोरण मारा व वरमाला का आयोजन किया गया। इसी दौरान पुरा पाण्डाल सैंकड़ों महिलाओं एवं पुरूषों से खचाखच भरा हुआ था। विवाह समारोह में अनुमानत 15 हजार से अधिक लोगों ने भाग लिया। इन्दौरा कृषि फार्म पर अपरान्ह 12:15 बजे पाणिग्रहण संस्कार पंडित श्री विमल पारीक शास्त्री के मंत्रोपचार के साथ प्रारम्भ हुआं। इस दौरान सामूहिक विवाह समारोह समिति ने राजस्थानी परम्परानुसार सभी अतिथियों का साफा एवं माला पहना कर स्वागत किया। स्वागत समारोह में पाण्डाल खचाखच भरा हुआ था। सामूहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज के अनेक प्रतिष्ठित भामाशाहों ने बढ़चढ़ कर कार्यक्रम में आर्थिक सहयोग प्रदान करने की घोषणाऐं की। सामूहिक आयोजन समाज को मजबूती प्रदान करते हैं ।

समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत ने कहा कि कन्यादान महादान होता है। सामूहिक विवाह सम्मेलन जैसे पुनित कार्य में माली समाज हमेशा ही अग्रणी रहा हैं। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण समाज को एक सूत्र में बांधने का समिति का ये प्रयास सराहनिय हैं। इससे हमें परस्पर सामाजिक एकता एवं सद्भावना का परिचय मिलता है। समाज को मजबूती देने के लिए सामूहिक विवाह समारोह संगठित होने का संदेश हैं। महात्मा ज्याति बा फूले के विचारों को एक नया आयाम मिल रहा है। उन्होंने संत लिखमी दास महाराज को समाज का गौरव एवं प्रेरणा स्त्रोत बताते हुए समाज बन्धुओं को समाज की ओर अधिक मजबूती प्रदान करने तथा समय समय पर ऐसे आयोजनों को बढावा देने का आव्हान किया। सामाजिक कुरितियों को समाप्त करने एवं फिजुंलखर्ची पर रोक लगाने का आव्हान करते हुए सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाने की बात कही।

**ये भी रहे उपथित**


इस अवसर पर विवाह समारोह समिति अध्यक्ष श्री राम प्रसाद तंवर, उपाध्यक्ष श्री हनुमान राम इन्दौरा, संरक्षक श्री घनश्याम बागड़ी, महासचिव श्री गणपत लाल टांक, सचिव श्री आसराज सिंगोदिया, कोषाध्यक्ष श्री दिनेश बागड़ी, मकराना माली समाज अध्यक्ष श्री दुलीचन्द सिंघोदिया, परबतसर अध्यक्ष श्री किशन गोपाल दग्दी, प्रमुख उद्योगपति श्री रामप्रसाद सैनी, भीलवाड़ा निवासी श्री औकार जी सैनी, सरदारशहर निवासी श्री सीताराम कम्मा, श्री सत्यनारायण बागड़ी, श्री ओमप्रकाश सोलंकी, बडू अध्यक्ष श्री सत्यनारायण सिंगोदिया, श्री ताराचन्द तंवर, श्री नवरतनमल सोलंकी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री श्री माधोराम सहित कई हस्तियां उपस्थित थी। समिति की ओर से सभी अतिथीयों एवं पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## जयपुर में 22 जोड़ें बने हमसफर

जयपुर। माली सैनी समाज संस्था की और से सामुहिक विवाह कार्यक्रम विद्याधर नगर के महात्मा ज्योति बा फुले संस्थान प्रांगण में रखा गया। इयमें 22 जोड़ों को पाणिग्रहण संस्कार हुआ। इससे पहले दूल्हों की सामूहिक बारात गोरखनाथ आश्रम से रवाना होकर कार्यक्रम स्थल पंहुची। कार्यक्रम में चौमूं विधायक श्री भगवान सहाय सैनी, महात्मा ज्योति बा फुले राष्ट्रीय जागृति मंच के अध्यक्ष श्री मोतीलाल सांखला, पार्षद श्री रोशन सैनी सहित कई समाजसेवियों ने नव जोड़ों का आशीर्वाद दिया।

विवाह रस्म में एक फेरा कन्या भ्रुण हत्या नहीं करने का लिया गया। जिसमें सभी जोड़ों ने भ्रुण हत्या नहीं करने का संकल्प लिया। समारोह में जयपुर के साथ ही अन्य जिलों एवं ग्रामिण अंचलों से सैकड़ों समाज बंधुओं ने नवदम्पतियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# सामुहिक विवाह की झलकियां














## झलकियां ....

1. बस्सी में आयोजित सामुहिक विवाह समारोह में समाज के नव-विवाहित वर वधु
2. समारोह में उपस्थित समाज के प्रबुद्वजन
3. मकराना में आयोजित सामुहिक विवाह समारोह में निकलती शोभा यात्राा
4. मकराना में आयोजित समारोह में उपस्थित समाज के विभिन्न पदाधिकारीगण
5. जयपुर में आयोजित सामुहिक विवाह समारोह में कन्याभ्रुण हत्या नहीं करने की शपथ लेते वर-वधु

# शिवरात्री के अवसर पर जमा भक्ति का रंग



जोधपुर। महाशिवरात्री के शुभ अवसर पर प्रकाश माली के भजनों से झूम उठा माधव उद्यान। मंद मंद बहती बयार एवं अतिसुदंर रंग बिरंगी लाईटों के बीच प्रभु प्रेम में मदमस्त भक्ततों की विशाल भीड़ और शिव भक्ति में डूबा माहौल। ये नजारा था जोधपुर स्थित माता का थान माधव उद्यान का, मौका था महाशिवरात्री महोत्सव- 2013 के दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रकाश माली ने एक से बढ़कर एक भजन सुना श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस भजन संध्या में माली समाज के साथ ही स्थानीय नागरिकों की हजारों की संख्या में उपस्थित शिव भक्तों ने लुफ्त उठाया।

माधव पर्यावरण प्रसार सोसायटी जोधपुर के अध्यक्ष और महोत्सव समिति के संयोजक श्री सुभाष गहलोत ने बताया कि दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ पूर्व विधि विधान से 12 फीट ऊँची शिव प्रतिमा की मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत एवं भारतीय जनता पार्टी के शहर अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कच्छवाहा के आतिथ्य में पूजा अर्चना के के साथ शुरूआत की गई। इस अवसर पर समाजसेवी श्री जसवंत सिंह कच्छवाहा, उद्योगपति एवं समाजसेवी श्री राजेन्द्र परिहार, हरिद्वारधर्मशाला के अध्यक्ष श्री बाबूलाल पंवार, ट्रस्टी श्री नरपतसिंह सांखला, श्री प्रदीप परिहार, श्री सुरेन्द्र सांखला, माली संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा, कोषाध्यक्ष श्री इंद्रसिंह गहलोत, माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, फोटोग्राफर एवं पत्रकार श्री जगदीश देवड़ा सहित अनेकों गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हुआ।

भजन संध्या को संत श्री हरिराम शास्त्री महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर श्री डूंगरसिंह गहलोत, श्री रामचंद्र परिहार, श्री महेश गहलोत, ठेकेदार श्री रामदयाल गहलोत, श्री जगदीश गहलोत, भामाशाह श्री श्रवण सांखला, श्री ढ़लसिंह परिहार, श्री संदीप गहलोत, श्री मनोहरलाल परिहार, श्री रामसिंह गहलोत, श्री सम्पत भाटी सहित अनेकों गणमान्य नागरिकों ने समारोह का आनंद लिया।

इस अवसर पर श्री प्रेमसिंह देवड़ा ने 1.51 लाख रूपये, ठेकेदार श्री नरपत सिंह सांखला ने 2.51 लाख रूपये, भादरवा बेरा के श्री पृथ्वीसिंह गहलोत ने 1.51 लाख रूपये की घोषणा संस्थान में निर्मित होने वाले कमरों के लिए की। सभी दानदाताओं का संस्थान द्वारा सम्मान किया गया। शिवरात्री के दिन दिनांक 10 मार्च, 2013 को सूर्योदय के सयाथ ही शिवप्रतिमा का महाभिषेक शुरू हुआ। दिनभर शिव भक्तों ने महादेव जी की 12 फीट की प्रतिमा के दर्शन किए। बम-बम भोले के जयकारों के साथ यह क्रम सूर्यास्त तक चलता रहा। सूर्यास्त के पश्चात भजन संध्या की दूसरी कड़ी में भजन गायक महेन्द्र पंवार ने अपनी सुमधुर आवाज में भक्ति भरे भजनों से विशाल जनसमुदाय को झुमने के मजबूर किया।

आज के कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जेडीए चेयरमेन श्री राजेन्द्र सिंह सोलंकी, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष श्री राज गहलोत, सुमेर शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष श्री चेतन देवड़ा, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्री प्रेमसिंह सांखला, पार्षद किशोर सिंह टाक, माली सैनी संदेश के संपादक मनीष गहलोत, अरूणोदय के



श्री जितेन्द्र सांखला, देवड़ा मोटर्स के श्री पृथ्वीसिंह देवड़ा, सत्यम शिक्षण संस्थान के श्री सुनील गहलोत, खेतेश्वर महाविद्यालय के श्री संतोकसिंह सांखला सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस अवसर पर भामाशाहों ने भी दिल खोलकर संस्थान को आर्थिक संबल दिया गुप्त दान के रूप में संस्थान को 11 लाख रूपये मिले। इसके अलावा श्रीमती रामप्यारी बाई पत्नी श्री भागीरथ परिहार (रामसागर बेरा) ने 2.51 लाख रूपये कमरे के निर्माण हेतु, हिराला बेरा के श्री डूंगरसिंह गहलोत ने 51 हजार, बोडीवाला बेरा के श्री कालू गहलोत ने 51 हजार, श्री जुगल पंवार(गांधी नगर) ने 51 हजार रूपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर श्री पृथ्वीराज गहलोत, श्री लेखराज गहलोत, श्री हरिसिंह गहलोत, श्री किशनसिंह देवड़ा, श्री प्रेमसिंह परिहार, श्री दौलत सिंह देवड़ा आदि ने दानदाताओं का स्वागत किया। वर्ष 2008 में श्री सुभाष गहलोत के प्रयासों से अस्तित्व में आई माधव पर्यावरण प्रसार सोसाइटी ने अल्प समय में क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई। संस्थान ने क्षेत्र में हरियाली के लिए जो प्रयास किए वे प्रशंसनीय है। आज हर कोई इस क्षेत्र में पहाड़ी पर हजारों पेड़ों एवं हर्बल पार्क के विकास कार्य को देख अंचभित है सभी श्री सुभाष गहलोत एवं उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों के किए गए प्रयासों की मुक्तकंठ से प्रंशसा करते है। संस्थान के अध्यक्ष श्री सुभाष गहलोत ने इस अवसर पर सभी का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए दानदाताओं का विशेष आर्थिक सहयोग प्रदान करने के लिए आभार प्रकट किया तथा वादा किया कि वे इस क्षेत्र में हरियाली की हरित क्रांति ला देगें साथ ही क्षेत्र की विशेष पहचान जो कि माधव उद्यान के कारण मिली है उसे और आगे भी आप सभी के सहयोग एवं मार्गदर्शन से पर्यावरण के लिए कार्य करते रहेगें।

# दुबई में कार्यक्रम देकर जोधपुर पहुंचे लोक कलाकार गहलोत

जोधपुर, 8 फरवरी, गुरूवार, 2013 अंतर्राष्ट्रीय उद्योग एवं लोक कल उत्सव में भाग लेने के बाद दुबई से जोधपुर पहुंचने पर लोक कलाकार माली छंवरलाल गहलोत का स्थानीय कलाकारों ने भव्य स्वागत किया एवं अनेक कलाकार रंगकर्मी एवं उनके प्रशंसको ने उनकी अगवानों की तथा मालाओं से लाद दिया।

उल्लेखनीय है कि दुबई में वर्ष की भांती इस वर्ष भी जनवरी, फरवरी 2013 में अंतर्राष्ट्रीय उधोग एवं लोक कला उत्सव का आयोजन किया गया, इस उत्सव में विश्व के कई देशों ने भाग लिया। इस उत्सव में लोक कलाकार माली छंवरलाल गहलोत ने वर्ष 2002, 2003, 2004, 2011 के बाद पुन: राजस्थान मुख्यमंत्री व पर्यटन विभाग की और से 2013 में अपने दल सहित भाग लिया तथा वहाँ कच्छी घोड़ी नृत्य, मयूर नृत्य, राजस्थान लोक नृत्य, घोड़ी नाचे ओ दुबई रे मेले धुसो बाजे ओ एवं लोक गायन क साथ कार्यक्रम प्रदर्शन किये, जो बहुत ही सराहनीय रहे, जिसमे 26 जनवरी 2013 को राष्ट्रीय आधारित पर माली छंवरलाल गहलोत द्वारा रचित रचना ''धन्य भारत देश हमारा, वन्दे मातरम् का नारा, गंगा त्रिवेणी में नहाना, धन्य विज्ञान और बलिदान मेरा भारत देश महान'' कुमारी रिंकू



गहलोत द्वारा गायन पर वाह वाह लूटी तथा मिडीया ने कवरेज भी किया, गहलोत ने अपने माह के दुबई प्रवास के दौरान ग्लोबल विलेज में दुबई फेस्टिवल के इण्डियन पेवेलियन में कच्छी घोड़ी नृत्य, मयूर नृत्य, राजस्थानी लोक नृत्य व गायन का प्रदर्शन कर जोधपुर का ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण भारत का लोहा मनवा लिया।

इण्डीयन प्रोविलियनन में 64 मदजमतजंपदउमदज डायरेक्टर मि. सुनिल भाटीया ने माली छंवरलाल गहलोत. कु. रिंकु गहलोत, कु. टिव्वकंल, सन्तोष, पिन्टुराम को प्रशासनिक पत्र एवं मुमेण्टो देकर तम्मानित किया। दुबई में निवास कर रहे राजस्थानियों ने माली छंवरलाल गहलोत का भावभीना अभिनन्दन किया।

# साहब सिंह सैनी को लाल बत्ती मिलने से समर्थक खुश





सहारनपुर, 6 जनवरी। साहब सिंह सैनी को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिलने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। सैनी कल्याण एसोसिएशन के बैनर तले गऊशाला रोड पर हुई बैठक में साहब सिंह सैनी को लाल बत्ती देकर सपा ने सैनी समाज को सम्मान दिया है। बैठक में नवीन कुमार, सतीश सैनी, अनुज सैनूी, राकेश सैनी, पुनित सैनी, सुरेंद्र सैनी, रवि सैनी, संजय सैनी आदि शामिल थे। उधर घंटाघर चौक पर सपाई अवतार सिंह मिगलानी और नदीम कुरैशी ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर साहब सिंह सैनी का बीज निगम का अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी जाहिर की।

पार्टी कार्यालय पर हुई बैठक में सपाई प्रवेश गुर्जर और शीशपाल आदि ने भी मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। सम्यक संघ और प्रगतिशील सैनी सभा ने भी सैनी को लाल बत्ती दिए जाने को सहारनपुरवासियों का सम्मान बताया। इस मौके पर सहीराम सैनी, करम सिंह सैनी, प्रमोद सैनी, सूर्यकांत सैनी, जे.डी. कौशल सैनी, फूल सिंह सैनी, विनीत सैनी, मनोज पांचाल, मित्रपाल सैनी, ब्रह्मपाल, विनोद बुक्का सुरेन्द्र सैनी आदि मौजूद थे।

सपा के राष्ट्रीय सचिव साहब सिंह सैनी को उत्तर प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण निगम का बेयरमैन बनाकर कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिए जाने का गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा ने स्वागत किया है। इसके लिए सभा के प्रधान हरेन्द्र चड्ढा, गुरप्रीत सिंह बग्गा, सतवेन्द्र माकन, गुननाम सिंह, इन्द्रजीत सिंह, गुरू कृपा, सुरेन्द्र, इन्द्रजीत सिंह, गुरू कृपा, सुरेन्द्र, मोहन सिंह चावला, परमजीत सिंह चड्ढा, अजीत सिंह डंग, भूपेन्द्र सिंह, खालसी सहित सपा के सभी पदाधिकारियों ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया है

नकुड़/सहारनपुर (धर्मवीर): सपा पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष बिरमपाल सैनी के नेतृत्व में आयोजित कार्यकर्त्ताओं की बैठक में युवा सपा नेता व लोहिया वाहिनी के पूर्व नगर अध्यक्ष अमित सैनी ने कहा कि साहब सिंह सैनी को कैबिनेट मंत्रो का दर्जा मिलना समस्त सैनी समाज व क्षेत्र के लिए गौरव की बात हैं

उन्होंने कहा कि कुछ विरोधी लोग जो साहब सिंह सैनी के खिलाफ बौखलाकर अर्नगल बयानबाजी कर रहे हैं, उन्हें अपनी हरकतों से बाज आ जाना चाहिए। बैठक की पिछडा प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष बिरमपाल सैनी, ब्लाक अध्यक्ष मोहन प्रजापति ब्लाक उपाध्यक्ष बृजवीर सैनी आदि ने भी संबोधित किया।

इस मौके पर पिछड़ा प्रकोष्ठ के ब्लॉक सचिव अमित धीमान, नगर अध्यक्ष इमरान राणा, नीतिश सैनी, मोनू चौधरी, अमनदीप गुप्ता, बिजेन्द सैनी, समयसिंह, मौ, इश्तिखार, मुकेश कुमार, राजेन्द्र कोरी, राजेन्द्र सैनी, रोकी सैनी समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

रामपूर मनिहारान (सहारनपुर) चौधरी किरतसिंह सैनी के नेतृत्व में गांव नंदपुर के पूर्व प्रधान अभिनेष सैनी ने कहा कि जो सम्मान मुख्यमंत्री ने सैनी समाज को दिया है, उसे समाज कभी भी भुला नहीं सकेगा। इस मौंके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख किरत सिंह सैनी, सतपाल सैनी, दुष्यंत धीमान, विल्सन, विक्रम सैनी, सचिन, नजीम, आफताब मलिक आदि मौजूद थे।

माली सैनी संदेश परिवार श्री साहब सिंह सैनी के कैबिनेट मंत्री बनने पर हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए श्री सैनी के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता है।

# माली समाज चौखला की महापंचायत सराय व मंदिर निर्माण एवं सामाजिक विकास पर सभी की सहमति



भीलवाड़ा 24 फरवरी। आम मेवाड़ चौखला माली समाज की महापंचायत माण्डल तहसील अन्तर्गत झरना महादेव प्रांगण में सरदारगढ़ निवासी व मेवाड़ कमेटी के संरक्षक देबीलाल अजमेरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

माली महासभा के जिलाध्यक्ष गोपाललाल माली ने बताया कि इस महापंचायत में समाज विकास से जुड़े मुद्दों के अलावा मंदिर व सराय निर्माण पर भी चर्चा की गई व सभी सदस्यों की सहमती से मंदिर के पीछे खाली पड़े भूखण्ड पर सराय निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। इसी बैठक में इसी साल होने वाले विधानसभा चुनावों में माली समाज उसी पार्टी को वोट देगा जो पार्टी मेवाड़ संभाग में किसी भी विधानसभा क्षेत्र से माली समाज के प्रतिनिधि को टिकिट देगी। हजारों लोगों की उपस्थिति में एक ध्वनी मत से महापंचायत में मांग की गई कि हमेशा से उपेक्षित रह रहे माली समाज को इस बार विधानसभा में टिकिट दे।

दो दिवसीय चली इस महापंचायत में आम मेवाड़ चौखला कमेटी झरना महादेव की पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। नवगठित कार्यकारिणी में बंषी लाल कच्छावा (केरिया) को अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। वहीं उपाध्यक्ष माल का खेड़ा निवासी नाथूलाल कच्छावा को बनाया गया। सचिव पद पर हरीपुरा के मदन राजोरा, कोशाध्यक्ष धनराज गढ़वाल (मोड़ का निम्बाहेड़ा), संगठन मंत्री पैमा नुईवाल (भगवानपुरा), सह सचिव नीमा दगदी (भगवानपुरा) व सलाहकार मदन गहलोत (करेड़ा) को बनाया गया। 21 सदस्यों की कार्यकारिणी में कन्हैयालाल कुवाडिया, गोपाल कच्छावा, देबीलाल गढ़वाल, घिसू गढ़वाल, कन्हैयालाल दगदी, नानूराम नानवा, नंदराम गहलोत, लादू राजोरा, हरनाथ सुखा, मिठुलाल सरिवाल व बद्रीलाल गहलोत को कार्यकारिणी सदस्य में सम्मलित किया गया।

समाज के वरिश्ठजन देबीलाल अजमेरा (सरदारगढ़), कमेटी के वरिश्ठ संरक्षक व फूले विचार वाटिका के संपादक गोपाललाल माली कमेटी के संरक्षक नियुक्त किये गये। इस बैठक में उदयपुर, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा सहित पूरे मेवाड़ संभाग के माली समाज से जुड़े हजारों लोगों ने भाग लिया।

# समाज के लोगों को राजनैतिक भागीदारी बढ़ानी होगी- श्री इंद्रराज सिंह सैनी

फरीदाबाद। रविवार ३-३-१३ को आल इंडिया सैनी समाज द्वारा भगवती पैलेस ऊंचा गांव (बल्लभगढ़) में एक जनसभा आयोजन किया गया। जिसमें आल इंडिया सैनी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंद्राज सिंह सैनी ने कहा कि समाज के लोगों की जबतक राजनैतिक भागीदारी नहीं बढ़ेगी तब ठ्ठतक समाज के हक के लिए कुछ भी नहीं किया जा सकता है। लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि समाज के लोग अब यादा से ज्यादा सामूहिक विवाह के माध्यम से बिना दहेज के शादी करे। इससे खर्चे में कटौती होगी। इसके अलावा उन्होंने समाज के लोगों को शिक्षित करने पर भी जोर दिया और कहा कि समाज के लोग लड़का-लड़की को एक समान समझे तभी समाज व देश का विकास होगा। क्योंकि एक महिला के शिक्षित होने पर पूरे परिवार को शिक्षित होने का मौका मिलता है।

श्री सैनी ने समाज को राजनैतिक भागीदारी को बढ़ाने के लिए अलग-अलग जोन बनाने और लोगों को जिम्मेदारी सौपने पर जोर दिया। उपस्थित समाज के लोगों ने उनके इस प्रस्ताव पर कार्य करने का निर्णय भी लिया। इस अवसर पर सरदार मंजीत सिंह सैनी, सुमन सैनी, एमपी कुशवाहा, प्रदीप सैनी सहित समाज के बहुत से लोग उपस्थित थे।

इस अवसर पर इंद्राज सिंह सैनी ने कहा सरकार संसद में लगे महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर माल्यार्पण करने की अनुमति नहीं दे रही जिसके विरोध में आगमी ११ अप्रैल को संसद भवन पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा और महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर माल्यार्पण करने की मांग भी की जायेगी। जिसे सुनकर उपस्थित लोगों ने एक स्वर में उनका समर्थन किया। कार्यक्रम शुरू होन से पहले महात्मा ज्योतिबा फूले के चित्र पर माल्यार्पण किया।



परिचय

## माली समाज के होनहार वैज्ञानिक एवं विज्ञान के प्रोफेसर

# डॉ. हुकम सिंह गहलोत

डा. हुकम सिंह गहलोत का जन्म एक साधारण परिवार में 26 जनवरी 1962 को श्री प्रेमसिंह गहलोत निवासी हलाव का बेरा, मन्डोर के यहां हुआ था। गहलोत हाई स्कूल से लेकर एम.एस.सी तक प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय से एम.एस.सी वनस्पति शास्त्र में की है। इसके पश्चात प्रो.गहलोत ने वनस्पति शास्त्र विभाग में ही पी.एच.डी. के लिए विश्व विख्यात पादप कार्यिकी फिजियोलॉजी/बायोटेक्नालॉजी में प्रो. एन.एस. साँखला के नेतृत्व में पादपों पर अनुसंधान कार्य प्रारम्भ किया। सन् 1988 में उनका चयन सरकारी कॉलेज में सहायक लेक्चरर के पद पर हुआ राजकीय महाविद्यालय बारां एवं भीनमाल में अध्यापन कार्य करते हुवे इनका चयन जे.एन.वी.यू में 1991 को सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त किया गया। सन् 2001 में रीडर पद एवं 2006 में प्रोफेसर पद पर प्रोमोशन हुआ। प्रो. गहलोत हाल ही अक्टूबर 2012 में विभागाध्यक्ष बने है। उनको 23 वर्षो का पढ़ाने का एवं 24 वर्षो का अनुसंधान करने का अनुभव है। डा. गहलोत पिछले सात वर्षो से नाईट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले जीवाणुओं पर शोध कर रहे है। आपको भरत सरकार के जैव प्रौधोगिकी विभाग (डी.बी.टी) द्वारा एक महत्वपूर्ण वृहद शोध परियोजना (40 लाख रूपये) भी स्वीकृत हुई है। यह परियोजना बनारास हिन्दू विश्वविद्यालय एवं जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के सहयोग से चल रही है। डा. गहलोत कृषि के लिए महत्वपूर्ण नवीन जीवाणुओं की खोज, आणविक अभिनिर्धारिण एवं पी.जी. पी. लक्षणों पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर का अनुसंधान पिछलें कई वर्षो से कर रहे है। अपने शोध को विभिन्न उत्कृष्ट पुस्तकों एवं अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं/जर्नल में समाहित किया है। उनके द्वारा किये गए प्रकाशनों का इम्पेकट फेक्टर 14 के करीब है। डॉ. गहलोत ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लिया और जोधपुर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। आपने यूरापियन, आस्टेलियन, जापानी एवं एशियाई सम्मेलनों में 'शोध पत्र वाचन किया है। अभी हाल में जापान एवं थाईलैंड में विशेष रूप से आंमत्रित किय गये एवं उनके शोध पत्रों का प्रकाशित किया। देश-विदेश प्रख्यात वैज्ञानिक संस्थाओं एवं वैज्ञानिकों के साथ आपका शैखिक अनुसंधान सहयोग है। डूंडी विश्वविद्यालय की प्रख्यात वैज्ञानिक प्रो.जेनेट स्पेन्ट के सहयोग से विभाग में चल रहे शोधकार्य को विश्वस्तरीय ख्याति प्राप्त हुई है।

डॉ. गहलोत ने कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविधालयों जैसे की सीडनी, गेन्ट, मीयाझाकी, एमस्टरडेम, थाईलेण्ड आदि की यात्रा कर चुके है। आपको सेन्टर फोर राईजाबियम स्टडीज, मुरडोक विश्वविद्यालय, पर्थ से विजिटींग अनुसंधान प्रोफेसर के लिए आमन्त्रण प्राप्त हुआ। डा. गहलोत को आस्ट्रेलियन सरकार द्वारा क्रोफोर्ड फंड एवार्ड प्रदान किया गयां आप अमेरिकन सोसयटी फार माइक्रोबायोलॉजी, भारतीय वानस्पतिक संघ प्लांट फिजियोलॉजी संस्था आजीवन सदस्य है। यह विभिनन संस्थाओं के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार भी है। आपके निर्देशन में नौ शोधार्थियों ने पी.एच.डी पूर्ण की है। आपने माईक्रोबियल वर्गीकरण आणविक जीव विज्ञान, जैविक नाईट्राजन स्थिरीकरण एवं प्लांट फिजियोलॉजी जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञता हासिल की है। आस्ट्रेलियन वैज्ञनिक डा.रवि तिवारी, डा. वयन रीव एवं अमरकीन जोइन्ट जीबोम संस्थान के सहयोग से आपने नवीन एनसीफर प्रज्ञाति जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय जूसव का पूर्ण जीनोम अनुक्रम प्राप्त किया। किसी भी सहजीवी नाईट्रोजन स्थिरीकरण करने वाले सूक्ष्मजीवी की पूर्ण जीनोम के अनुक्रम की यह भारत में पहली रिपोर्ट है। आपको उत्तकृष्ट सेवा सम्मान कुलपति, जे.एन.वी.यू. द्वारा प्रदान किया गया। सौ से भी अधिक सहजीवी जीवाणुओं के न्युक्लियोटाइड अनुक्रमों को एनसीबीआई अमेरीका के सार्वजनिक डेटाबेस में जमा कराया गया है। डॉ. गहलोत थार रेगिस्तान के स्थानीय फलीदार पौधों की जड़-ग्रंथि में पाय जाने वाले नवीन सहजीवी जीवाणुओं की खोज एवं सरंक्षण काक प्राथमिकता दे रहे है। क्योंकि राष्ट्र में इस प्रकार के अनुसनधान से भविष्य में जयवायु, परिवर्तन के कारण कृषि-उत्पादन पर पडने वाले प्रभावों को कम किया जा सकेगा इस प्रकार की शोध भविष्य में रासायनिक स्वाद के उपयोग को कम करने में सहायक सिद्ध होगी।

डा. गहलोत मृदुभाषी तथा बहुमुखी प्रतिमा के धनी है। तथा विद्यार्थियों के लिये हमेशा प्रेरणादय स्त्रोत है। सभी विद्यार्थी डा. गहलोत के ज्ञान भण्डार से समय-समय पर लाभान्वित हुए है तथा हमेशा ही विद्यार्थियों को उचित मार्ग दर्शन किया। डा. गहलोत विभाग में होने वाली समस्त क्षैषिणक व सह क्षैषणिक गतिविधियों में हमेशा ही सक्रिय रहे है, तथा उनकी सलाह तथा कार्यविधि से विभाग निरंतर आगे रहा है।

डा. गहलोत वनस्पति शास्त्र विभाग में चलने वाली वृहद्ध शोध परियोजनओं (COSIST, DSA, SAP, FIST) में सक्रिय भागीदार रहे है एवं अर्न्तराष्ट्रीय ख्याती प्राप्त करने में सहयोगी रहे है। इन्हे यू.जी.सी. वृष्त शोध परियोजनाओं को चयन करने एवं मुल्यांकन करने के लिए यू.जी.सी. के चेयरमेन ने मनोनीत किया है। डॉ. गहलोत ने अन्य सहयोगी शिक्षको के साथ मिलकर उच्च शिक्षा में श्रेष्ठ उच्च मापदण्ड स्थापित करने हेतू (सपीही) को खडी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। डॉ. गहलोत सपीही, इण्डिया के संस्थापक सदस्य एवं महासचिव है। डॉ. गहलोत समाज से जूडी संस्थायें श्री सुमेर उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्री सुमेर महिला महाविद्यालय, श्री सावित्र फूल महाविद्यालय बागर चौक एवं बहुप्रतियोगी प्रशिक्षण संस्थान में समय-समय पर जाकर विद्यार्थियों को मोटीवेट करने में सहयोग किया है। माली समाज इनके पूर्ण सहयोग के लिए हमेशा आभारी रहेगा।

# पलासनी में प्रथम रक्तदान शिविर में युवाओं में जबरदस्त उत्साह




जोधपुर। माली सेवा संस्थान, पलासनी द्वारा 11 मार्च, 2013 को आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर में 85 युवक-युवतियों ने रक्तदान कर मानव सेवा का पुनित कार्य किया। संस्थान के संरक्षक श्री ओमप्रकाश गहलोत ने बताया कि माली संस्थान, जोधपुर के अध्यक्ष श्री देवीचंद देवड़ा की अध्यक्षता में आयोजित रक्तदान एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के युवक युवतियों के साथ ही पलासनी एवं आस पास के क्षेत्र के सेकड़ों समाजबंधुओं एवं महिलाओं ने भाग लिया। समारोह का शुभारंभ पूर्व मंत्री श्री राजेन्द्र गहलोत, पुष्कर धर्मशाला के अध्यक्ष श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने महात्मा ज्योति बा फुले एवं संत शिरोमणी लिखमीदास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

इस अवसर परपलासनी सरपंच श्री पुखराज रावल, पंचायत समिति सदस्य श्री कमल गहलोत, माली संस्थान के पूर्व अध्यक्ष श्री सुनील परिहार, संत शिरोमणी लिखमीदास स्मारक विकास संस्थान के श्री राधाकिशन तंवर, युवा समाजसेवी श्री सुभाष गहलोत एवं श्री योगेश गहलोत सहित अनेकों गणमान्य लोगों ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

समारोह को संबोधित करते हुए श्री राजेन्द्र गहलोत ने प्रथम रक्तदान शिविर में इतनी बड़ी संख्या में युवक-युवतियों द्वारा किये गऐ पुनीत कार्य के लिए सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी से आव्हान किया कि हमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में रक्तदान एवं नेत्रदान करवानें जैसे कार्य कर पिड़ितों की सेवा का हर संभव कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर श्री देवीचंद देवड़ा, श्री ऊंकारराम कच्छवाहा सहित अनेकों व्यक्ताओं ने पलासनी युवाओं द्वारा मानव सेवा के लिए किये गए कार्य की मुक्तकंठ से प्रंशसा करते हुए सभी को हार्दिक बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह में संभाग व जिला स्तर पर उत्कृष्ठ परिक्षा परिणाम प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया गया। इस पुनीत कार्य में माली सेवा संस्थान के संरक्षक श्री ओमप्रकाश, श्री बगदाराम गहलोत, अध्यक्ष श्री राधाकिशन गहलोत, उपाध्यक्ष श्री भागीरथ गहलोत, सचिव श्री हड़मानाराम गहलोत, महासचिव श्री प्रकाश गहलोत, कोषाध्यक्ष श्री गणतराम गहलोत (एलआईसी),के साथ ही पूर्व सरपंच, पंचायत समिति सदस्यों के अलावा सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर महात्मा गांधी अस्पताल के रक्तकोष के इंचार्ज डॉ. महेन्द्र सांखला को भी सम्मानित किया गया जिनकी टीम ने रक्तदान शिविर का संचालन किया।

## 11 अप्रेल को महात्मा फुले प्रतिभा सम्मान समारोह

जयपुर। महात्मा ज्योति बा फुले राष्ट्रीय संस्थान द्वारा आगामी 11 अप्रेल, 2013 को प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। संस्थान के महासचिव श्री अनुभव चंदेल ने बताया कि जिन विद्यार्थियों ने राज. बोर्ड/सीबीएससी की दसवीं बारहवी कक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्रापत किये है तथा स्नातक परीक्षा में 75 प्रतिशत या अधिक अंक प्राप्त किये है उन सभी अभ्यर्थियों को संस्थान द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इसके साथ ही इंजिनियरिंग/मेडिकल/सीए इत्यादि में चयनित अभ्यर्थी अपने परिक्षा परिणाम की प्रमाणित कॉपी, दो फोटोग्राफ के साथ निवास एवं पहचान पत्र की प्रमाणित प्रतिलिपी संस्थान के कार्यालय महात्मा फुले परिसर, सेक्टर 3, विद्याधर नगर, जयपुर में भिजवानें का कष्ट करें। इसके साथ ही संस्थान के श्री दिनेश चन्द्र सैनी ने प्रदेश स्तरीय समाज के सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों के संचालकों को अभ्यर्थियों का संपूण विवरण उपलब्ध कराने का निवेदन किया है इस हेतु अधिकारी जानकारी श्री दिनेश चन्द्र सैनी से 9928077984 पर प्राप्त की जा सकती है।

# प्रसिद्ध समाजसेवी एवं प्रधानाध्यापक श्री लक्ष्मी नारायण गहलोत सेवानिवृत पूर्ण सम्मान के साथ विदाई व सम्मान आयोजित



18 फरवरी, 2013 (पाली) माली समाज जैतारण (पाली) के प्रसिद्ध समाजसेवी श्री लक्ष्मीनारायण गहलोत राजकीय माध्यमिक विद्यालय, खोडिया (पाली) के प्रधानाध्यापक परसे 28 फरवरी, 2013 को 37 वर्ष गौरवमयी सेवाओं के पश्चात् सेवानिवृत हुए। श्री गहलोत की सेवानिवृति के उपलक्ष में विद्यालय में आपका अभिनंदन एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। आपके विदाई समारोह के अक्सर पर आयोजित समारोह में खोडिया ग्राम के पूर्व सरपंच श्री पूर्णसिंह रावत, वरिष्ट नागरिक केप्टेन श्री भंवरसिंह, श्री गुमानसिंह, श्री बालूसिंह, श्री बहादुरसिंह, श्री तुलसासिंह, श्री सुमेरसिंह, श्रीमानसिंह, श्री फतेहसिंह, श्री रमेश प्रजापत सहित कई नागरिक सम्मिलित हुए। शिक्षा विभाग की तरफ से उपनिदेशक (मा.) कार्यालय के शैक्षिक प्रकोष्ठ अधिकारी श्री किशनलाल साँखला, सेवानिवृत व्याख्याता श्री रामेश्वर लाल तंवर समाज सेवी श्री पन्नालाल पालड़िया, श्री मोहनालल दगदी, श्री विश्वास दगदी (ब्यावर) श्री नोखमल साँखला ने भी उपस्थित होना ही गहलोत का अभिनंदन किया। विद्यालय के विद्यार्थियों सहित सभी रक्ताओं ने सेवानिवृत होने वाले श्री गहलोत की सराहनीय सेवाओं की प्रशंसा करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामना की।

विद्यालय में आयोजित विदाई समारोह के अवसर पर श्री गहलोत के सुपुत्र डॉ. सन्जय गहलोत भी उपस्थिति हुए। डॉ. गहलोत ने अपने पिता श्री के सम्मान अभिनंदन के लिए विद्यालय-विद्यालय स्टाफ तथा गाँव के सम्मानीय नागरिकों का आभा व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर सतत् परिश्रम करते हुए सफलता प्राप्त करने का सुझाव दिया। गाँव के पूर्व सरपंच श्री पूरणसिंह ने अपने उद्बोधन में श्री गहलोत के सेवाकाल की सराहना की। आपने कहा कि आपने (श्री गहलोत) अपने संक्षिप्त सेवाकाल में विद्यालय में अनुशासन, परीक्षा परिणाम उन्नयन, पर्यावरण सुधार के क्षेत्र में वृक्षारोपण, संक्षिप्त किंतु भव्य सरस्वती मंदिर निर्माण के क्षेत्र में अविस्मरणीय कार्य किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति श्री किशनलाल साँखला ने भी विदाई समारोह को सम्बोधित किया। आपने इस अवसर पर कक्षा दस की परीक्षा में प्रविष्ट होने वाले विद्यार्थियों को सफलता के मन्त्र बताये।

आपने कहा कि हमारी संस्कृति में चार आश्रमों की व्यवस्था होने से उन्हीं के अनुकूल जीवन-यापन करने में ही मनुष्य जीवन की सार्थकता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा ग्रामीणों ने श्री गहलोत का फूल मालाओं से लाद दिया। आपको विभिन्न उपहार भी भेंट किये गये और समारोह के पश्चात् भाव मीनी विदाई दी गयी।



विद्यालय में आयोजित समारोह क पश्चात् जैतारण आगमन पर प्राइवेट बस स्टेण्ड स्थित माल समाज की बगीची में सम्पूर्ण माली समाज की तरफ से श्री गहलोत का अभिनंदन किया गया। समाज के अध्यक्ष श्री नारायणलाल गहलोत सहित सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर श्री गहलोत की सेवाओं की तारीफ की तथा समाज में अधिक सकियता पूर्वक कार्य करने की अपेक्षा कीं यहाँ से श्री गहलोत का बेण्ड की समधुर ध्वनि के साथ शोभा यात्रा के रूप में पोकरणा की पोल स्थित आवास तक ले जाया गया। बाद में यह शोभा यात्रा पुलिस थाने के सामने स्थित ठाकुरजी के मंदिर पहुंची जहाँ एक भव्य मन्य आसीन गहलोत दम्पति अत्यंत उत्साहपूर्ण वातावरण में नागरिक अभिनंदन किया गया जिसमें विभिन्न जाति/समाज के प्रतिनिधियों सरकारी कर्मचारियों अधिकारियों एवं शिक्षा विदों ने माल्यार्पण, उपहार प्रदान कर श्री गहलोत का बहुमान किया।

गहलोत परिवार द्वार सभी आगन्तुक अतिथियों, समाज के तथा अन्य नागरिको/कर्मचारियों के लिए शानदार प्रीतिभोज का आयोजन किया।

# माली सैनी संदेश मेरिज ब्युरों

माली समाज में पारस्परिक रिश्तें कायम करने के लिए विवाह योग्य युवक युवती का रजिस्ट्रेशन(पंजीयन)नि:शुल्क किया जाता है। पत्रिका ऐसे सभी योग्य वर/ वधू का पंजियन कर उनका विज्ञापन नि:शुल्क प्रकाशित करेगा इस हेतु लड़की की न्यूनत्तम आयु 18 वर्ष व लड़के की न्यूनत्तम आयु 21 वर्ष होना आवश्यक है। पत्रिका की ओर से वर्ष में एक बार परिचय सम्मेलन का भी आयोजन किया जायेगा। संभावित रिश्ते वाले दोनों पक्षों को सूचित कर रिश्तें कायम करने का हर संभव प्रयास किया जायेगा।

## युवक-युवती व्यक्तिगत विवरण

**नवीनतम फोटो**

क्रम संख्या.................... दिनांक ..........................................

1. युवक/युवती का नाम.................................................................................................................गौत्र ........................................................
2. युवक/युवती कार्यरत है, व्यवसाय का नाम व पता...............................................................................................................................

.......................................................................................................................................................................................................

.........................................................फोन नम्बर.............................मोबाईल नम्बर...................................वार्षिक आय.........................................

3. शैक्षिक योग्यता ..........................................................................................विशेष योग्यता..........................................................................

3. जन्म तिथि.......................................... ऊँचाई.................................से. मी. वजन.......................... किलो

4. शारीरिक रंग : गोरा/गेंहुआ/श्याम.........................चश्में का प्रयोग : हा/ नहीं................. मांगलिक है या नहीं.........................

3. अन्य जानकारी जो आप देना आवश्यक समझें.......................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................................................................

**3. पारिवारिक विवरण**

पिता का नाम.........................................................................................माता का नाम.........................................................................

माता/पिता का निवास स्थान.................................................................................................................................................................

.............................................................................फोन नम्बर.........................................मोबाईल नम्बर.............................................

माता/पिता व्यवसायिक पता..................................................................................................................................................................

.............................................................................फोन नम्बर.........................................मोबाईल नम्बर.............................................

वार्षिक आय.....................................................मकान निजी/किराये का.........................................................................

भाई-बहनों की संख्या............................ विवाहित :भाई...................... बहिन....................... अविवाहित :भाई....................बहिन....................

**4. ननिहाल पक्ष विवरण**

नाना /मामा का नाम व पूरा पता...........................................................................................................................................................

.......................................................................................................................................................................................................

.......................................................................फोन नम्बर..............................................मोबाईल नम्बर................................................

**हस्ताक्षर अभिभावक** दिनांक ......................................... **हस्ताक्षर युवक/ युवती**

भेजे : **माली सैनी संदेश**, पोस्ट बाक्स नं. 09, जोधपुर या फिर ई-मेल करें : **malisainisandesh@gmail.com; www.malisainisandesh.com**


# माली सैनी संदेश


## ही क्यों ?



























### क्योंकि

हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार

### क्योंकि

हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि

हमारी क्रियेटिव टीम के साथ यह सजाती है आपके ब्रांड को पूरे देश ही नहीं विदेश में भी।

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 6,000/- |
| Inside Cover | 4,000/- |
| Color Page | 2,500/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur

Cell : 94144 75464, 92140 75464

log on : www.malisainisandesh.com

e-mail : malisainisandesh@gmail.com

e-mail : editor@malisaini.org

**क्योंकि सच्चा सफर कभी समाप्त नहीं होता . . .**

कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्पलेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर

# माधव उद्यान जोधपुर में आयोजित शिव रात्रि महोत्सव की झलकियां













Postal Regd. No. Jodhpur/221/2009-2011

NO. RAJHIN12897/20/1/2004-TC



# मंजिल सैनी ने मुज्फरनगर एस. पी. का पदभार संभाला

मुज्जफरनगर। जिले की नई एसएसपी और पहली महिला आईपीएस अधिकारी मंजिल सैनी ने 63वीं पुलिस कप्तान बनी। जिले की नई एसएसपी और पहली महिला कप्तान ने नए तेवरों के साथ चार्ज लिया। मंजिल सैनी एक तेज तर्रार आईपीएस अधिकारी है और हजां भी वे पहले रही है वहीं उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। मंजिल सैनी कई माफियाओं को टक्कर दे चुकी है और आयरन लेडी का खिताब भी उन्हें दिया जा चुका है। मंजिल सैनी ने बताया कि मुजफ्फरनगर की अपराधों के नीचे दबी छवि को अपराध मुक्त करने में वे विशेष दिलचस्पी दिखाएंगी।

# हार्दिक बधाई

# श्रीमती अल्का सैनी

के ऑल इण्डिया माली सैनी समाज

की महिला समिति

की राष्ट्रीय अध्यक्षा बनने पर

## हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

**शुभेच्छु : माली सैनी सन्देश**



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं सम्पादक मनीष गहलोत के लिए मुद्रक मोहम्मद मुस्लिम द्वारा हिन्दुस्तान प्रिण्टिंग हाउस इन साईड ईदगाह कम्पाउण्ड जालोरी गेट, जोधपुर से मुद्रित एवं माली सैनी संदेश कार्यालय, 31, गणपति मार्केट नई सड़क, जोधपुर से प्रकाशित।

फोन : 09414475464 ई-मेल : malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता

P.O. Box No. 09, JODHPUR



log on : www.malisainisandesh.com; www.malisaini.org